# 60वीं वार्षिक अखंड रामधुन शुरू

## राम-राम हरे राम रामधुन लगाने से हर कार्य होता है संभव आती है सुख-शांति व समृद्धि : सिद्धभाऊ

भोपाल (हिनप्र)।

**साधु वासवानी स्कूल में 60वीं वार्षिक रामधुन का शुरू हुई, संतजी की मूर्ति एवं गुरू ग्रंथ साहिब पर मार्ल्यापण के साथ हरे राम, राम-राम, हरे राम गूंजने लगा।**




संतजी के उत्तराधिकारी, सिद्ध भाऊ कहा कि रामधुन उस परम सत्ता से जुड़ने का एक माध्यम है, अखंड रामधुन में इतनी शक्ति है कि जो भी भक्तगण पूरी श्रद्धा एवं मनोयोग से इसमें शामिल होता है उसकी न केवल हर मनोकामना पूर्ण होती है। बल्कि श्रद्धा से रामधुन लगाने से हर कष्ट दूर होता है, रामधुन लगाने से हर कार्य संभव होता है एवं सुख-शांति व समृद्धि आती है, भाउ ने बताया कि रामधुनी के लिए बाहर के शहरों से अनेक भक्तगण आते हैं क्योंकि रामधुन से इनकी मनोकामना पूर्ण हुई है। इस अवसर पर शिक्षाविद् विष्णु गेहानी ने रामधुन के शुभारंभ अवसर पर बताया कि 2006 से साधु वासवानी स्कूल में रामधुनी लग रही है। इसी तरह इस भूमि पर रामधुनी लगती रहे और इस स्कूल के बच्चे पढ़ाई में आगे बढ़ते रहें। रामधुन के अवसर पर जीव सेवा संस्थान के सचिव महेश दयारामानी जी ने बताया कि संतनगर एक तीर्थ स्थान है जहां पर सेवा के साथ सिमरन भी होता है रामधुन एक बहुत बड़ा महायज्ञ है इसमें हम सभी को सहयोग करना चाहिए एवं रामधुन का प्रचार-प्रसार करते हुए इस कार्य में अन्य लोगों को भी जोड़ना चाहिए, रामधुनी एक वटवृक्ष है जो 60 वर्षों से निरंतर चल रही है और आगे भी इसी तरह चलती रहेगी। रामधुन के संचालक अनिल चोटरानी ने कहा कि कलयुग में राम-नाम ही जीवन सफल करने का आधार है श्री गुरू ग्रंथ साहब एवं सुखमनी साहब में भी राम नाम के जाप को जीवन सफल करने का मूल मंत्र बताया गया है एवं आपने बताया कि हम समय न गवाएं समय निकल गया तो हम हाथ मलते रह जाएगें इसलिए समय का सद्पयोग कर रामधुन का हिस्सा बनें अगर हम न भी रहें तो यह रामधुन इसी प्रकार आगे भी चलती रहेगी। इसी उद्देश्य से रामधुनी के सेवादारी युवा पीढ़ी को रामधुन से जोड़ते जा रहे हैं जिससे रामधुनी जन्म जन्मातंर तक चलती रहे। चोटरानी ने बताया कि इस महायंज्ञ में प्रात 8.00 बजे से शाम 6.00 बजे तक माताएं और बहनें रामधुन का जप करेंगे एवं शाम 6.00 बजे से प्रातः 8.00 तक पुरूष और भाई लोग रामधुन लगाएंगे एवं प्रतिदिन सुबह 07.30 बजे आशादीवार, आरती एवं भजन कीर्तन होगा। इस महायज्ञ का समापन समारोह 26 दिसम्बर को प्रातः 8.00 से 9.00 बजे तक होगा।

# सेवा के लिए धन से बड़ा मन जरूरीः डॉ.यादव

## मुख्यमंत्री ने खजराना गणेश मंदिर परिसर में संत निवास, अन्न क्षेत्र विस्तार एवं उद्यान का किया लोकार्पण



**भोपाल( काप्र )।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि धन तो सबके पास होता है, लेकिन सेवा के लिये धन से बड़ा मन होना चाहिए। पूरे मन से सेवा के लिए किये गये कार्य सदैव याद रखें जाते हैं। खजराना गणेश मंदिर में भक्त निवास, संत निवास, अन्न क्षेत्र विस्तार एवं उद्यान का निर्माण दर्शनार्थियों के लिए लाभकारी होगा। सेवा का यह विशिष्ट भाव समाज को एक नई दिशा देने का काम करता है, जो प्रशंसनीय है। मंदिर परिसर में किया गया यह निर्माण एक सौगात है। राज्य सरकार ऐसे सेवा कार्य करने वालों का सदैव अभिनंदन करती है।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव शुक्रवार को इंदौर के खजराना गणेश मंदिर में आयोजित लोकार्पण समारोह को संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने भगवान श्री खजराना गणेश के दर्शन कर प्रदेश के विकास और समृद्धि की प्रार्थना की। मंदिर के पुजारियों ने विधि-विधान से पूजन करवाया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने मंदिर परिसर में 20 करोड़ रूपये की लागत से निर्मित भक्त निवास, संत निवास, अन्न क्षेत्र विस्तार एवं उद्यान का लोकार्पण किया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने इन कार्यों के लिये दानदाता श्री बालकृष्ण छावछरिया के प्रति आभार व्यक्त किया। उल्लेखनीय है कि इंदौर के प्रख्यात खजराना गणेश मंदिर परिसर में देश-विदेश से आने वाले भक्तों की सेवा और सुविधा के लिए श्रीमती सूठीबाई दौलतराम छावछरिया पारमार्थिक ट्रस्ट द्वारा माता-पिता, पत्नी और पुत्र की स्मृति में प्रवचन हाल, संत निवास, भक्त निवास, अन्न क्षेत्र विस्तार एवं उद्यान बनवाया गया है।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने इस अवसर पर दानदाता एवं ट्रस्ट के प्रमुख बालकृष्ण छावछरिया का शाल एवं पुष्प माला से सम्मान किया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव का ट्रस्ट पदाधिकारियों द्वारा प्रतीक चिन्ह भेंट कर स्वागत किया गया। कार्यक्रम में जल संसाधन मंत्री तुलसीराम सिलावट, सांसद श्री शंकर ललवानी, महापौर श्री पुष्पमित्र भार्गव, विधायकगण श्रीमती मालिनी गौड़, श्री महेन्द्र हार्डिया, मधु वर्मा, श्री रमेश मेंदोला तथा श्री गोलू शुक्ला, श्री गौरव राणदिवे, जन-प्रतिनिधि, ट्रस्ट के प्रमुख श्री विनोद अग्रवाल, प्रमुख परामर्शदाता श्री प्रेमचंद गोयल, ट्रस्टी डॉ. कुलभूषण मित्तल सहित अधिकारी एवं बड़ी संख्या में भक्तजन उपस्थित रहे।

### इंदौर को दी 1249 करोड़ के विकास कार्यों की सौगात

*मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि इंदौर, माँ देवी अहिल्या की नगरी है, जो विकास का पर्याय रहीं है। उनके कार्यकाल में देव स्थानों का पूरे देश में अद्भुत विकास हुआ है। इंदौर वर्तमान में देश का सबसे स्वच्छ शहर है। यह आईटी, स्वास्थ्य, शिक्षा, स्मार्ट सिटी के कार्यों आदि में देश में भी अव्वल है। अब इंदौर को हर क्षेत्र में अव्वल बनाने के कार्य तेजी से होंगे। इंदौर का सर्वांगीण विकास कर इंदौर को देश के प्रमुख महानगरों के समकक्ष खड़ा किया जायेगा। उन्होंने कहा कि इंदौर के नेहरू स्टेडियम का पुनर्निर्माण किया जायेगा। यहाँ आईटी के विकास की अपार संभावनाएं है, इसको देखते हुए इंदौर में जल्द ही आईटी समिट आयोजित की जायेगी। इंदौर नगर निगम का नया भव्य भवन भी बनाया जायेगा। मुख्यमंत्री डॉ. यादव शुक्रवार को इंदौर में जनकल्याण पर्व के तहत आयोजित लोकार्पण एवं भूमि-पूजन समारोह को सम्बोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री ने इंदौर के लिये 1249 करोड़ रूपये से अधिक की लागत के विकास कार्यों का लोकार्पण-भूमिपूजन किया।*

### मप्र अपनी आवश्यकता की आधी बिजली सौर ऊर्जा से करेगा प्राप्त

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि सूर्य ऊर्जा का महत्वपूर्ण स्त्रोत है। सौर ऊर्जा सबसे अच्छी ऊर्जा है। आने वाले वर्ष-2030 तक मप्र अपनी आवश्यकता की बिजली का आधा हिस्सा सौर ऊर्जा से प्राप्त करेगा। सौर ऊर्जा उत्पादन के क्षेत्र में प्रदेश तेजी से आगे बढ़ रहा है। सरकार का प्रयास उद्योग, धन्धे, कृषि के लिए सस्ती दर पर बिजली उपलब्ध करवाना है। आगर में बनने वाली सौर ऊर्जा रेल विभाग को दी जाएगी, जिससे 7 राज्यों में रेलगाड़ियाँ संचालित होगी। डॉ. यादव ने शुक्रवार को आगर-मालवा जिले के सुसनेर में 3520 करोड़ रूपये की लागत से निर्मित 880 मेगावॉट आगर और नीमच सौर परियोजनाओं का लोकार्पण किया। इसमें आगर-मालवा जिले की लगभग 2200 करोड़ रूपये की लागत से निर्मित 550 मेगावॉट सौर परियोजना एवं नीमच जिले की 1320 करोड़ रूपये की लागत से निर्मित 330 मेगावॉट सौर परियोजना शामिल है। डॉ. यादव ने आगर-मालवा जिले में 49.81 करोड़ के विकास कार्यों का लोकार्पण एवं भूमि-पूजन भी किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार किसानों को आर्थिक रूप से सशक्त बनाने के लिये संकल्पित है। किसानों को समृद्ध बनाने सम्मान निधि और कृषि सिंचाई विद्युत बिल पर 53 हजार रुपए की सब्सिडी दी जा रही है। किसानों को सिंचाई के लिये सौर ऊर्जा उत्पादन के क्षेत्र में आत्म-निर्भर बनाया जाएगा इसके लिये 1 लाख सोलर पम्प दिये जाएंग। प्रदेश के प्रत्येक किसान के खेत तक पानी पहुंचाने का काम सरकार कर रही है। प्रदेश में सिंचाई का रकबा 50 लाख हेक्टेयर से बढ़ाकर 1 करोड़ हेक्टेयर तक ले जाया जाएगा, मप्र फसल उत्पादन के क्षेत्र में हरियाणा-पंजाब को पीछे छोड़ेगा। कार्यक्रम को विधायक मधु गेहलोत ने कहा कि मुख्यमंत्री डॉ. यादव द्वारा जिले में पिछले एक वर्ष में दी गई सौगातों के लिए आभार माना। कार्यक्रम में विधायक सुसनेर भैरूसिंह बापू, जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती मुन्ना बाई चौहान, नगर पालिका अध्यक्ष निलेश जैन पटेल, पूर्व विधायक गोपाल परमार, राणा विक्रम सिंह श्रीमती रेखा रत्नाकर, लालजीराम मालवीय, बद्रीलाल सोनी फूलचंद वेदियां, चिंतामन राठौर उपस्थित थे।

# परिजन की डांट से नाराज होकर घर से भागे बालक को डायल 112 ने पहुंचाया




**भोपाल ( काप्र )।** भोपाल के थाना अयोध्या नगर क्षेत्र के मिनाल रेसिडेंसी से 15 साल का बालक घर से कहीं चला गया तो पुलिस सहायता मांगी गई। सूचना राज्य स्तरीय पुलिस कंट्रोल रूम डायल-112 भोपाल में प्राप्त हुई।

तत्काल अयोध्या नगर थाना क्षेत्र में तैनात डायल-112 वाहन को मदद के लिए रवाना किया गया। डायल-112 स्टाफ प्रधान आरक्षक सुदीप राजपूत एवं पायलेट सलीम खान ने मौके पर पहुँच कर बालक के परिजन से फोटो लेकर आसपास के क्षेत्र में बालक की तलाश शुरू की। तलाश करने पर 02 किलो मीटर दूर बेस्ट प्राइज़ के पास बालक डायल 112 स्टाफ को मिला। एफआरव्ही स्टाफ द्वारा सत्यापन उपरांत बालक को परिजन के सुपुर्द किया गया। बालक को सकुशल मिलाने के लिए परिजन द्वारा डायल-112 जवानों का आभार व्यक्त किया गया। बालक परिजन की डांट से नाराज होकर घर से दूर पहुँच गया था। डायल -112 जवानों ने अभिभावक को बच्चों से मित्रवत व्यवहार करने की सलाह दी ।

### महाकुंभ के लिए एक थैला एक थाली अभियान

**भोपाल ( हिनप्र )।** संस्कार विद्यालय द्वारा प्रयागराज महाकुम्भ जो 13 जनवरी 2025 से 26 फरवरी 2025 तक 45 दिन के तक चलेगा, इसमें पर्यावरण संरक्षण गतिविधि हरित महाकुम्भ अभियान को सफल बनाने के लिए "एक थैला एक थाली" अभियान के तहत विद्यायल के समस्त कर्मचारियों द्वारा एक थैला, एक थाली दिया गया एवं अभियान की शुरूआत की गई।

इस अवसर पर संस्था के अध्यक्ष सुशील वासवानी ने कहा कि प्रयागराज में 45 दिन का महाकुम्भ का अयोजन होने जा रहा है, जिसमें पर्यावरण की दृष्टि से प्लास्टिक का उपयोग न हो इसलिए राष्ट्रीय स्वयं संघ की योजना से एक अभियान चलाया गया है।

## पेज एक से जारी खबरों के शेष...

### एक राष्ट्र-एक...

शामिल हुए। कांग्रेस सदस्य प्रियंका गांधी वाड्रा भी सदन में मौजूद थीं। इसके बाद लोकसभा को अनिश्चित काल के लिए स्थगित कर दिया गया, जिससे 25 नवंबर से शुरू हुआ शीतकालीन सत्र समाप्त हो गया। शुक्रवार को लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने सदस्यों को चेतावनी दी कि यदि कोई संसद परिसर में धरना-प्रदर्शन करेगा तो उसके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। बिरला ने शुक्रवार को सदन में कहा, संसद परिसर में किसी भी गेट या कहीं भी प्रदर्शन या विरोध प्रदर्शन न करें। अन्यथा सदन को गंभीर कार्रवाई करनी होगी। बिरला ने सदन में कहा, संसद के किसी भी द्वार पर किसी भी तरह का विरोध या प्रदर्शन करना उचित नहीं है। आपको इस संबंध में नियमों का पालन करना होगा। मैं आपसे एक बार फिर आग्रह करता हूं कि इस चेतावनी को गंभीरता से लें। शुक्रवार को राज्यसभा की कार्यवाही अनिश्चित काल के लिए स्थगित कर दी गई, क्योंकि सदन ने एक साथ चुनाव कराने के संबंध में संसद की संयुक्त समिति में 12 सदस्यों को नामित करने का प्रस्ताव पारित कर दिया। आज सुबह जब सदन की बैठक शुरू हुई तो विपक्षी सदस्यों ने हंगामा किया और शोरगुल के बीच कार्यवाही स्थगित कर दी गई। सभापति ने सदन में गतिरोध समाप्त करने के प्रयास में सदन के नेता जे.पी. नड्डा और विपक्ष के नेता मल्लिकार्जुन खड़गे के अलावा विभिन्न विपक्षी दलों के नेताओं के साथ भी बैठक की।

### बजट सत्र से ...

हुईं हैं। लोकसभा में पांच विधेयक पेश किये गये और राज्यसभा में चार विधेयक पटल पर रखे गये। दोनों सदनों से भारतीय वायुयान विधेयक पारित हो गया है। उन्होंने कहा कि सत्र में भारत के संविधान के निर्माण के 75 वर्ष पूरे होने के मौके पर 26 नवंबर को सेंट्रल हॉल में संविधान दिवस समारोह का आयोजन किया गया जिसे राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने संबोधित किया। इसके बाद गत 13 एवं 14 दिसंबर को लोकसभा में और 16 एवं 17 दिसंबर को राज्यसभा में भारतीय संविधान की 75 वर्ष की यात्रा पर विस्तृत चर्चा करायी गयी। लोकसभा में 15 घंटे 43 मिनट की चर्चा में 62 सदस्यों ने भाग लिया जबकि राज्यसभा में 17 घंटे 41 की चर्चा में 80 सदस्यों ने भाग लिया। श्री रिजीजू ने कहा कि लोकसभा में 17 दिसंबर को संविधान (129वां संशोधन) विधेयक 2024 और केन्द्र शासित प्रदेश (संशोधन) विधेयक 2024 पेश किया गया जिसे संयुक्त संसदीय समिति का गठन करके आज औपचारिक रूप से उसके विचारार्थ भेज दिया गया है।उन्होंने कहा कि इस सत्र में लोकसभा की उत्पादकता 57.87 प्रतिशत और राज्यसभा की उत्पादकता 40.03 प्रतिशत रही है जिससे हम संतुष्ट नहीं हैं। हम सौ प्रतिशत से भी अधिक उत्पादकता में सक्षम हैं। लेकिन विपक्ष ने हंगामें एवं नारेबाजी का जो रास्ता अपनाया, उससे उत्पादकता घटी है। उन्होंने कहा कि विपक्ष को पता है कि हर बात उठाने का नियम है और आसन से उसी नियम के अंतर्गत मुद्दा उठाने की अनुमति दी जाती है। प्रश्नकाल हर सदस्य का विशेष अधिकार होता है और पूरी सरकार सांसद के सवाल का उत्तर देने के लिए लगती है। पर कुछ पार्टियों के सदस्य बाकी सदस्यों के अधिकार का हनन कर रहे हैं।

### जंगल में खड़ी...

को अंजाम दिया। पुलिस कमिश्नर के मुताबिक, इनोवा कार से कुल 9.86 करोड़ रुपये कैश मिला है। आयकर विभाग की इस कार्रवाई में 100 से अधिक पुलिसकर्मियों की टीम शामिल थी। यह रेड दो दिनों से चल रही लोकायुक्त और आयकर विभाग की संयुक्त कार्रवाई का हिस्सा थी। इससे पहले आयकर विभाग ने भोपाल और इंदौर में एक प्रमुख कंस्ट्रक्शन कंपनी के 51 ठिकानों पर छापेमारी की थी। छापेमारी के दौरान इतनी बड़ी मात्रा में सोना और नकदी देखकर आयकर विभाग के अफसर भी हैरान रह गए। अफसरों का कहना है कि मेंडोरी के जंगलों में जब्त की गई कार सहित सोना व नकदी को कब्जे में ले लिया है। इस मामले में कंस्ट्रक्शन कंपनी पर टैक्स चोरी और अन्य गैरकानूनी गतिविधियों में लिप्त होने का आरोप है। विभाग ने इस संबंध में जांच तेज कर दी है और संबंधित दस्तावेजों और साक्ष्यों की गहनता से पड़ताल की जा रही है। इस रेड के बाद राज्य में हड़कंप मच गया है। अधिकारी अब यह पता लगाने की कोशिश कर रहे हैं कि इतनी बड़ी मात्रा में नकदी और सोना कहां से आया और इसका इस्तेमाल किस उद्देश्य से किया जाना था। इसके अलावा भोपाल में पूर्व आरटीओ कॉन्स्टेबल के घर और दफ्तर पर लोकायुक्त ने छापेमारी की, जिसमें 2 करोड़ 85 लाख रुपये कैश मिले और 60 किलो चांदी के साथ ही 50 लाख के सोने-हीरे की ज्वेलरी मिली है।

### नए मंदिर-मस्जिद...

सकती है? यह जारी नहीं रह सकता। भारत को यह दिखाने की जरूरत है कि हम एक साथ रह सकते हैं। उन्होंने कहा कि बाहर से आए कुछ समूह अपने साथ कट्टरता लेकर आए और वे चाहते हैं कि उनका पुराना शासन वापस आ जाए। उन्होंने कहा, लेकिन अब देश संविधान के अनुसार चलता है। इस व्यवस्था में लोग अपने प्रतिनिधि चुनते हैं, जो सरकार चलाते हैं। आधिपत्य के दिन चले गए। उन्होंने कहा कि मुगल बादशाह औरंगजेब का शासन भी इसी तरह की कट्टरता के लिए जाना जाता था, हालांकि उसके वंशज बहादुर शाह जफर ने 1857 में गोहत्या पर प्रतिबंध लगा दिया था। उन्होंने कहा, यह तय हुआ था कि अयोध्या में राम मंदिर हिंदुओं को दिया जाना चाहिए, लेकिन अंग्रेजों को इसकी भनक लग गई और उन्होंने दोनों समुदायों के बीच दरार पैदा कर दी।

# नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति की बैठक संपन्न



**भोपाल ( काप्र )।** निटर में नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति की द्वितीय अर्धवार्षिक बैठक आयोजित की गई थी। बैठक में विगत छह माह में की गई राजभाषा गतिविधियों पर चर्चा हुई एवं राजभाषा के प्रगामी प्रयोग हेतु महत्वपूर्ण निर्णय लिए गये।

संस्थान के निदेशक एवं नराकास के अध्यक्ष प्रो. सी.सी. त्रिपाठी ने कहा कि भाषा केवल संवाद का माध्यम नहीं है, बल्कि यह समाज को जोड़ने का एक सशक्त उपकरण भी है। मध्य प्रदेश ने राजभाषा हिंदी के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य कर देशभर में उदहारण प्रस्तुत किया है। संस्थान के डीन व राजभाषा समन्वयक प्रो पी.के पुरोहित ने सदस्य कार्यालयों से चर्चा करते हुए कहा कि आपकी आवश्यकता अनुसार निटर भोपाल आपको प्रशिक्षण प्रदान करने के लिए तैयार है। आगामी अप्रैल माह में राष्ट्रीय हिंदी सम्मलेन आयोजित करेगा। बैठक में निटर के अधिष्ठाता प्रशासन प्रो. आर.के दीक्षित, राजभाषा आधिकारी मेजर निशांत ओझा, कर्नल आशीष अग्रवाल, आशीष पोटनीस, भारत भूषण देशमुख, सहित भोपाल के लगभग 53 नराकास के सदस्य कार्यालयों से लगभग 70 कार्यालय प्रमुख एवं राजभाषा अधिकारी शामिल हुए।

### केरल में होने वाली 53वीं सीनियर नेशनल हैंडबॉल प्रतियोगिता में

# विजेन्द्र उईके और मयंक बाँके करेंगे मप्र टीम का प्रतिनित्व

**भोपाल ( काप्र )।** भोपाल जिला हैंडबॉल संघ के 2 खिलाड़ी विजेन्द्र उईके एवं मयंक बांके केरल में आयोजित 53वीं सीनियर नेशनल हैंडबॉल प्रतियोगिता में मध्यप्रदेश का प्रतिनिधित्व करेंगे। प्रतियोगिता 26 से 29 दिसंबर तक कालीकट (केरल)में संपन्न होनी है। प्रतियोगिता में रवाना होने से पूर्व मध्यप्रदेश हैंडबॉल संघ के द्वारा 21 से 23 दिसंबर तक इंदौर में कैंप का आयोजन किया जाएगा। मप्र हैंडबॉल संघ के सचिव हरदीप सिंह रुप्पल ने बताया कि मध्य प्रदेश हैंडबॉल टीम 24 दिसंबर को भोपाल जंक्शन से रवाना होगी।




# स्वास्थ्य शिविर में 520 रोगियों के स्वास्थ्य का परीक्षण हुआ

## सेवासदन, चिरायु अस्पताल ने आयोजित किया शिविर

भोपाल (हिनप्र)।

**संत हिरदारामजी की 19वीं पुण्यतिथि की पूर्व संध्या पर नव युवक सभा स्कूल परिसर में एक निःशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण, उपचार और परामर्श शिविर का आयोजन किया गया।**



यह शिविर चिरायु अस्पताल और मेडिकल कॉलेज तथा सेवा सदन नेत्र चिकित्सालय के संयुक्त तत्वावधान में शुक्रवार को आयोजित हुआ । इसमें विभिन्न बीमारियों के 20 विशेषज्ञ डॉक्टरों ने 520 रोगियों का स्वास्थ्य का परीक्षण कर उपचार और परामर्श दिया।

शिविर में उपस्थित चिरायु अस्पताल के डॉक्टरों में जनरल फिजिश्यिन और कैंसर विशेषज्ञ डॉ. अंकित बोरासी यशराज गुप्ता द्वारा 69, नाक कान गला के डॉ. प्रिया सेमुअल और डॉ. लवीशा तिलगोधा ने 37 रोगियों जांच की और परामर्श दिया। रेडियोलॉजिस्ट डॉ. सोमना शर्मा और डॉ. आकृति बतरा द्वारा 31 रोगियों की सोनोग्राफी की गई। हड्डी रोग विशेषज्ञ डॉ. पवन कुमार मिश्रा और डॉ. अरविन्द नागर द्वारा 312, पैथालॉजी टीम द्वारा 56, बाल रोग विशेषज्ञ डॉ. निर्मला चौधरी और डॉ. पूर्वी द्वारा 139, चमड़ी रोग विशेषज्ञ डॉ. पूजा यादव और डॉ. ध्रुव मिश्रा द्वारा 63 तथा जनरल सर्जन डॉ. विधि पटेल द्वारा 64, श्वास रोग विशेषज्ञ डॉ. पेरूगु शर्मा द्वारा 29. मानसिक रोग विशेषज्ञ डॉ. पिंकी यादव द्वारा 43. प्रसूति विशेषज्ञ डॉ. सबा मजहर और डॉ. आकांक्षा दीक्षित ने 113 रोगियों की जांच और इलाज किया। साथ ही सेवा सदन के दंत रोग विशेषज्ञ डॉ. कोमल दासवानी और डॉ. रोशनी ज्ञानचंदानी द्वारा 176, नेत्र विशेषज्ञ डॉ. अजय सिंह द्वारा 248 व्यक्तियों की जांच कर परामर्श दिया गया । सेवा सदन नेत्र चिकित्सालय के अध्यक्ष संत सिद्ध भाऊजी ने शिविर में सेवाएं देने वाले डॉक्टर्स के प्रति कृतज्ञता व्यक्त की। मैनेजिंग ट्रस्टी ए.सी. साधवानी ने कहा कि संत हिरदारामजी ने आजीवन काल में शिक्षित और स्वस्थ समाज की संकल्पना की थी। उनके इस चिंतन को मूर्त रूप देने लिये संतजी के शिष्य, दृढ़ इच्छा शक्ति के साथ प्रयत्नशील हैं। उन्होंने सेवा सदन की टीम कुशल धर्मानी एवं भारती जनियानी तथा चिरायु अस्पताल के सभी डॉक्टर्स एवं अन्य स्टाफ जो कि कैम्प प्रभारी राधेश्याम की प्रशंसा की ।

**कुलनाम सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि, मैं पुनीत गुप्ता पिता श्री एस.डी. गुप्ता म.नं.-23, कल्पना नगर, रायसेन रोड, भोपाल तह. हुजूर, जिला-भोपाल म.प्र. का निवासी हूँ। पूर्व में पुनीत नाम के साथ गुप्ता लिखा गया है। जिसे मैं परिवर्तित कर अब मैं अपने नाम को पुनीत अग्रवाल कर रहा हूँ। मैनें अपने समस्त दस्तावेजों में भी पुनीत गुप्ता की जगह पुनीत अग्रवाल लिख गया है। अब भविष्य में मुझे पुनीत अग्रवाल पिता श्री एस.डी. गुप्ता ही लिख पढ़ा जाना और पहचाना जावें, आमजन सर्वजन को सूचित हो।

**पूर्व नाम (पुनीत गुप्त)** **वर्तनाम नाम (पुनीत अग्रवाल)**

2957

**नाम परिवर्तन सूचना**

मै रावजी अखंडे (RAWJI AKHANDE) पुत्र श्री भाऊजी अखंडे आयु-वयस्क, पता -185 दीवरिया पो. दीवरिया तहसील गौहरगंज जिला रायसेन (म.प्र.) मेरा पूर्व नाम कालिया ( KALIYA ) पुत्र श्री भाऊजी निवासी मं.नं-536 रोशनपुरा झुग्गी, छोटी मस्जिद के पीछे, रोशनुपरा, हुजूर भोपाल (म.प्र) है जो कि मेरे आधार कार्ड (आ.नं 5458 6220 2449 मे अंकित है। एवं मेरा वर्तमान नया नाम रावजी अखंडे (RAWJI AKHANDE) पुत्र श्री भाऊजी अखंडे (BHAUJI AKHANDE) पता- 185 दीवरिया पो. दीवरिया तहसील गौहरगंज जिला रायसेन (म.प्र.) है जो कि मेरे परिचय पत्र (IJP 4922936) मे लिखा हुआ है। मेरा वर्तमान नया नाम रावजी अखंडे (RAWJI AKHANDE) पुत्र श्री भाऊजी अखंडे (BHAUJI AKHANDE है । उक्त दोनो नाम अर्थात कालिया (KALIYA) एवं रावजी अखंडे (RAWJI AKHANDE) मेरे स्वंय के ही नाम है अर्थात एक ही व्यक्ति का नाम है। मै वर्तमान मे रावजी अखंडे (RAWJI AKHANDE) पुत्र श्री भांऊजी अखंडे ( BHAUJI AKHANDE) के नाम से जाना व पहचाना जाता हूँ।

**पूर्व नाम कालिया (KALIYA ) वर्तमान नाम रावजी अखंडे ( RAWJI AKHANDE )**

2958